(c) what action Government propose to take to decongest the airport ?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI SHIVRAJ PATIL) : (a) to (c) In order to decongest the traffic at Bombay airport, International Airports Authority of India has submitted a proposal to have a parallel runway at Juhu airfield, which has been discussed with various agencies.

बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम

946. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री 12 अगस्त, 1987 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 1992 के दिये गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने कि कृपा करेंगे कि :

(क) बनारस विश्वविद्यालय (संशोधन अधिनियम और संशोधन करने के लिये सुझाव देने हेतु गठित की गई समिति द्वारा प्रस्तुत किये गए प्रतिवेदन और की गयी सिफारिशों पर की गयी कार्यवाही का ब्यौरा क्या है ; और

(ख) बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक को कब तक संसद में पेश किये जाने का विचार है ?

(मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा और संस्कृति विभागों में राज्य मंत्री (श्री एल० पी० साही) : (क) बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय अधिनियम के संशोधनों के सम्बन्ध में प्रो. एम. वी. माथुर समिति द्वारा की गई सिफारिशों की जांच करने के पश्चात् सरकार ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से उपर्युक्त सिफारिशों के प्रकाश में प्रारूप संविधि सुझाने के लिए कहा है । इस कार्य को करने के लिए आयोग द्वारा नियुक्त समिति ने अभी अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करनी है ।

(ख) राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1986 के कार्यान्वयन के लिए कार्यवाई योजना के अनुसरण में वि०अ० आयोग ने प्रबन्ध पद्धति, जिसमें विश्वविद्यालय पद्धति पर नई मांगों के प्रकाश में विभिन्न विश्वविद्यालयों/निकायों की संरचना भूमिका तथा जिम्मेदारियां भी शामिल है, का पुनरीक्षण करने के लिए मद्रास विश्वविद्याल के कुलपति डा० ए० ज्ञानम की अध्यक्षता में एक समिति नियुक्त की है । बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय अधिनियम के प्रस्तावित संशोधन के सम्बन्ध में कोई दृष्टिकोण अपनाने से पहले ज्ञानम समिति की सिफारिशों पर विचार करना उचित होगा ।

इलाहाबाद और दिल्ली के बीच सुपरफास्ट ट्रेन

947. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का इलाहाबाद और नई दिल्ली के बीच कोई ऐसी सुपरफास्ट ट्रेन चलाने का विचार है जो इलाहाबाद से प्रातः चल कर दोपहर तक नई दिल्ली पहुंच जाये और दोपहर को उसी दिन वही ट्रेन नई दिल्ली से चलकर उसी रात इलाहाबाद पहुंच जाये ; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और उक्त ट्रेन कब तक चलनी शुरू हो जायेगी ?

रेल मंत्रालय में उप मंत्री (श्री महाबीर प्रसाद) : (क) जी नहीं ।

(ख) प्रश्न नही उठता ।

Emergency landing by Air India

948. SHRI ANAND SHARMA: Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state :

(a) what is the number of Air India flights emanating from London